तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 23 दिसंबर 2023

[खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार]

4 ओपीजेयू में स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2023 सॉफ्टवेयर एडिशन का ग्रैंड फिनाले

खबर संक्षेप

एल्डरमेनों का मनोनयन समाप्त

रायगढ़। राज्य शासन द्वारा कांग्रेस के द्वारा मनोनित पार्षद का मनोनयन समाप्त कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार नगर निगम में 9 मनोनित पार्षदों का मनोनयन सहित जिले सभी नगरीय निकायों के मनोनित पार्षदों का मनोनयन समाप्त करने का आदेश शुक्रवार को नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा जारी किया गया है। ऐसे में आने वाले समय में भाजपा सरकार द्वारा अपने स्तर पर अब पार्षदों का मनोनयन किया जाएगा।

100 लीटर शराब सहित 2 आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। साइबर सेल एवं पुसौर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम टपरदा कठली मार्ग पर छापेमार कार्रवाई करते हुए 100 लीटर महुआ शराब सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम टपरदा निवासी रोहित सारथी व जगन्नाथ जांगडे द्वारा मार्ग पर तालाब किनारे महुआ शराब बनाकर उसकी अवैध बिक्री करने तथा शराब को छिपाकर रखा गया है। जब पुलिस टीम रेड करने पहुंची तो पुलिस को देखकर दो व्यक्ति भागने लगे जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गये आरोपी रोहितलाल सारथी तथा जगन्नाथ जांगडे दोनों निवासी ग्राम टपरदा थाना पुसौर के कब्जे से 60 और 40 लीटर शराब जुमला 100 लीटर महुआ शराब कीमती 10 हजार रूपये' बरामद कर जब्त किया गया है। आरोपियों पर थाना पुसौर में धारा 34(2) 59 (क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

स्कूटी से गिरी युवती इलाज के दौरान मौत

रायगढ़। लैलूंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडसिया निवासी 21 वर्षीय युवती अपने सहेली के साथ स्कूटी से कापू जा रही थी, इसी बीच उसकी स्कूटी अनियंत्रित होकर गिर गई। जिससे उसे चोंट आई, बेहतर उपचार के लिए रायगढ़ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार यमुना बंजारा पिता आत्माराम बंजारा उम्र 21 वर्ष निवासी कोडसिया बीते 18 दिसंबर को अपनी सहेली के साथ कपड़ा सिलाने के लिए कापू गई थी। वापसी के दौरान रात करीब 8 बजे रतनपुर के पास उसकी स्कूटी अनियंत्रित होकर गिर गई। जिससे दोनों युवतियों को चोंट आई। ऐसे में उन्हें पत्थलगांव स्थित अस्पताल लाया गया, जहां यमुना की गंभीर स्थिति को देखते हुए रायगढ़ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां 21 दिसंबर को उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

सांसदों के निलंबन के विरोध में प्रदेशव्यापी धरना

रायगढ़। इंडी एलाइंस के सांसदों पर लोकसभा में हुई निलंबन की कार्रवाई के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेस का प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन कर आक्रोश जाहिर किया गया। रायगढ व सारंगढ मे जिला मुख्यालय मे यह धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया जिसमे मौजूद नेताओं ने केन्द्र सरकार पर लोकतांत्रिक व्यवस्था को कुचलने और तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेताओं ने केन्द्र से लेकर मौजूदा राज्य सरकार पर भी तंज कसा साथ ही भूपेश सरकार की लोकहितैषी योजनाओं को बंद करने के राज्य सरकार के कारनामों को छग की अस्मिता और स्थानीय जनता के साथ भाजपा का छल बताया। अपरान्ह 12 बजे से 4 बजे तक आयोजित धरना प्रदर्शन में कांग्रेसी वक्ताओं ने केन्द्र व राज्य सरकार पर जमकर भडास निकली। एकदिवसीय प्रदर्शन पूरे प्रदेश मे आयोजित किया गया था।

ओपी के मंत्री बनने पर आतिशबाजी, रायगढ़ भाजपा कार्यालय में बंटी मिठाई

रायगढ़। विधानसभा चुनाव का परिणाम बीते 3 दिसंबर को आने के बाद से लगातार रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी को राज्य सरकार के मंत्रिमंडल में स्थान दिए जाने के कयास लगाए जा रहे थे। इस दौरान गुरुवार को मंत्रिमंडल का गठन होने के साथ ही ओपी चौधरी का नाम सुनकर रायगढ़ विधानसभा के सभी भाजपाई भाजपा कार्यालय में एकत्रित होकर खुशियां मनाते नजर आए। यहां यह बताना जरूरी होगा कि बीते 20 वर्षों से मंत्रिमंडल में रायगढ़ विधायक का कहीं नाम नहीं था। ओपी चौधरी को साय केबिनेट में स्वास्थ्य और शिक्षा मंदिर बनाने की संभावना पार्टी सूत्रों ने की व्यक्त की है।

■ 20 साल बाद शहर को मिला मंत्री

भारतीय जनता पार्टी रायगढ़ जिला कार्यालय में छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री मंडल के विस्तार में रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक ओपी चौधरी को मंत्री मंडल में शामिल किए जाने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने जश्न मनाया। मिठाईयों का वितरण किया गया एवं पटाके फोड़े गए। शपथ ग्रहण समारोह की विधि सम्पन्न होने के बाद कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को बधाई दी एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। उक्त अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व सभापति सुभाष पाण्डेय ने ओपी चौधरी के मंत्री मण्डल में शामिल किए जाने पे बधाई देते हुए कहा कि रायगढ़ के लंबित समस्याओं का सामाधान होगा। छात्रों बेरोजगार युवकों किसानों मजदूरों एवं महिलाओं के लिए कल्याणकारी योजनाओं को गति मिलेगी। उक्त अवसर पर भाजपा कार्यालय में पूर्व सभापति सुभाष पाण्डेय, शीला तिवारी, शोभा शर्मा, अरूण कातोरे सहित सौकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी कार्यकर्ताओं ने ओपी चौधरी को बधाईयां दी एवं मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

हाथी की मौत के मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

■ हाथी का शव छिपाने की कोशिश कर रहे थे आरोपी

बीते दिनों धरमजयगढ़ वन मंडल के बोरो वन परिक्षेत्र के अंतर्गत एक हाथी का शव पैरावट में मिला। मौके पर जांच के दौरान पाया गया कि इसकी मौत करंट की चपेट में आने से हुई है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई, तब आरोपियों ने अपना गुनाह कबूल करते हुए वन विभाग के अधिकारियों को वारदात के बारे में बताया।

ज्ञात हो कि बीते 20 दिसंबर को बोरो वन परिक्षेत्र के अंतर्गत खम्हार दक्षिण परिसर के जुनापारा बूढ़ा बगीचा नामक स्थान में एक नर हाथी के मृत्यु होने की सूचना मिलने पर तत्काल विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुंचे। जहां मृत हाथी को पैरा से ढक्कर छिपाया गया था। ऐसे में वन अमले को करंट की चपेट में आकर हाथी की मौत होना और इस घटना को छिपाने की कोशिश किए जाने की बात सामने आई। जांच के दौरान भी हाथी के सूढ़ में विद्युत करेंट से जलने का निशान पाए गए थे। वहीं घटना स्थल पर ही खूंटा लगाने का गड्ढा पाया गया था। जिसमे विद्युत करेंट प्रवाहित किया गया था। इस मामले दो संदेहियों केवल पिता शोधराम उम्र 63 वर्ष तथा मोहपाल वल्द साधराम को अभिरक्षा में लिया गया। आरोपियों से पूछताछ के दौरान उनके द्वारा बताया गया कि उन्होंने अवैध रूप से जीआर तार लगाया हुआ था। जिसमें विद्युत प्रवाहित की गई थी। विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से व्यस्क हाथी की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों आरोपियों के विरुद्ध वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 02, 09, 39, 49, 50, 51 के तहत अपराध दर्ज किया गया।

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

शासन बदलने के बाद विक्रेताओं की तेजी से घटी संख्या

गोबर खरीदी में आई कमी, 5 हजार कम गौ पालकों ने बेचा गोबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शासन के बदलने के बाद गोबर खरीदी में तो कमी दर्ज की गई है, वहीं गोबर विक्रय करने वाले गौ पालकों व किसानों की संख्या में भी कमी दर्ज की है। आंकड़ों की ओर देंखें तों 5 हजार विक्रेता घट गए हैं।

ज्ञात हो कि पूर्व कांग्रेस सरकार ने गोधन न्याय योजना की शुरूआत की थी, जिसमें इस योजना के तहत गौपालकों व किसानों को गोबर बेचने के एवज में 2 रूपए प्रति किलोग्राम के हिसाब से राशि दी जाती है। फिलहाल इस योजना को लेकर अब तक कोई आदेश प्राप्त नहीं हुए हैं। ऐसी स्थिति में गौपालकों सहित विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों में असमंजस्य की स्थिति देखने को मिल रही है। फिलहाल इस योजना में अब भी गोबर की खरीदी जा रही है, हालांकि गौपालकों या किसानों में तथा गोबर की खरीदी में कमी आई है। जानकारी के अनुसार जिले के करीब 14 जगहों में कुल 376 गौठान हैं, जहां गोबर की खरीदी हो रही है।

8 करोड़ किलो से अधिक हुई खरीदी

जानकारी के अनुसार जुलाई 2020 से दिसंबर 2023 तक जिले में कुल 8 करोड़ 5 लाख 19 हजार 125 किलोग्राम गोबर की खरीदी हुई। गोबर विक्रेताओं की संख्या की बात करें तो जिले मे करीब 26 हजार 279 विक्रेता हैं, जिन्होनें इस अवधि में गोबर की बिक्री की है।

फैक्ट फाइल

विखं.	कुल विक्रेता	सक्रिय विक्रेता
रायगढ़	2730	2575
पुसौर	4024	3406
खरसिया	3273	3115
घरघोड़ा	1417	1105
तमनार	2116	1931
लैलूंगा	4632	3053
धरमजयगढ़	6941	5553
धरमजयगढ़ (नगर)	330	86
लैलूंगा (नगर)	218	75
घरघोड़ा (नगर)	219	45

21 हजार 253 विक्रेता सक्रिय

इस बारें आंकड़ों की ओर देखें पता चलता है कि कई विकासखंड में विक्रेताओं की संख्या आधे से भी कम हो गई है। जैसे रायगढ़ विकासखंड में 155, पुसौर में 618, खरसिया में 158, तमनार में 185, लैलूंगा में 1 हजार 579 तथा धरमजयगढ़ विकासखंड में 1 हजार 388 विक्रेताओं की संख्या घट गई है।

इस तरह घटे गौपालक

इसी प्रकार धरमजयगढ नगर में 330 विक्रेताओं में केवल 86, लैलूंगा नगर में 218 में 75, घरघोड़ा नगर में 219 में 45 विक्रेता ही सक्रिय हैं। यानी धरमजयगढ नगर में 244, लैलूंगा नगर में 143, घरघोड़ा नगर में 174 विक्रेताओं की कमी दर्ज की गई है। यह वे स्थान हैं जहां सर्वाधिक व तेजी से विक्रेताओं की संख्या घटी है।

16.10 करोड़ से अधिक भुगतान

गोबर खरीदी के एवज में भुगतान की बात करें तो जिले में सक्रिय करीब 373 गौठानों के 21 हजार 253 सक्रिय विक्रेताओं को 8 करोड़ 5 लाख 19 हजार 125 किलोग्राम गोबर के विक्रय के एवज में करीब 16 करोड़ 10 लाख 38 हजार 252 रूपए का भुगतान अब तक किया गया है।

रायगढ़ कॉलेज आफ फार्मेसी में दो किताबों का अनावरण

रायगढ़। कॉलेज ऑफ फार्मासी रायगढ़ के लिए दोहरी खुशी का दिन रहा जिसमें रायगढ़ कॉलेज ऑफ फार्मासी के प्रिंसिपल डॉ. डीके प्रधान द्वारा लिखा हुआ डी फार्म का बायो केमिस्ट्री एण्ड क्लिनिक्ल पैथोलाजी किताब का अनावरण व रायगढ़ कॉलेज ऑफ एजुकेशन फार्मासी के प्रिंसिपल हरीश गुप्ता द्वारा लिखा हुआ डी फार्म का फार्मा कोग्नॉसी का किताब का अनावरण हुआ।

■ कैरियर गायडेंस व मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन

प्रधान सर ने बताया कि किताब विद्यार्थियों की पढ़ाई व प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगी। हरीश गुप्ता सर ने बताया कि डी. फार्म में 20 से 25 पब्लिकेशन का किताब आ चुका पर रंगीन किताब अभी तक नहीं था इसलिए हमने बहुत सोचकर यह भारत का प्रथम रंगीन किताब डी. फार्मासी के लिए विद्यार्थियों के समक्ष रख रहे है विद्यार्थियों का पढ़ने व जानने के प्रति रुझान अवश्य की बढ़ेगा। इन किताबों के दूसरे लेखक भी जीडी सी संस्था से जुड़े हुए हैं यह संस्था हर विद्यार्थी जिसने कोरोना में अपने पिता को खोया था या इस जिनके पिता किन्ही कारणों से इस दुनियाँ में नहीं है। सबको यह संस्था डी फार्मासी का पूरा किताब का सेट निः शुल्क दी जाएगी।

शिकायत, कार्रवाई नहीं मोहल्लेवासी पहुंचे थाने

नगरीय वार्ड में मादक पदार्थों की बिक्री से लोग नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नगरीय वार्ड में लंबे समय से खुलेआम अवैध शराब, नशीली टेबलेट और इंजेक्शन की बिक्री हो रही है। शिकायत के बाद भी कोतवाली पुलिस आरोपियों पर कार्रवाई नहीं कर रही है। जिससे मोहल्ले का माहौल खराब हो रहा है। अवैध शराब बिक्री पर नपेंगे थानेदार जैसे एसपी के कड़े निर्देश के बाद गुरुवार को आक्रोशित महिलाओं ने कोतवाली का घेराव कर दिया।

दर्जनों की संख्या में कोतवाली पहुंची वार्ड क्रमांक 4 जगतपुर की महिलाओं ने बताया कि उनके मोहल्ले में तीन चार घरों में लंबे समय से खुलेआम महुआ व शराब भट्टी का शराब अवैध रूप से बेचा जा रहा है। जिसके कारण मोहल्ले में कारण असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। रात के समय नशे में धुत्त बाहरी युवा यहां गाली.गलौज व झगड़ा करते रहते हैं। जिससे महिलाओंए युवतियों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। सुबह 4 बजे से ही कबाड़ी बिनने वाले शराबी यहां शराब खरीद कर पीने के लिए एकत्रित हो जाते हैं। वहीं शराब सड़क पर बाइक खड़ी कर तमाशा करते हैंए जिन्हें मना करने पर उल्टे बहसबाजी करने लगते हैं। महिलाओं ने बताया कि उक्त जमावड़ा सांई हेरीटेज कालोनी के सामने मोहल्ला में जाने वाली सड़क से अंदर चौक में लोगों घरों तक रहता है। सुबह से आधी रात तक शराबी यहां जमकर उत्पात मचाते हैं किसी के मना करने पर देख लेने की धमकी देते हैं। मोहल्ले में बाहरी व अनजान लड़कों के आने जाने से अनहोनी की आशंका बनी रहती है। फटे साइलेंसर वाले बाइक भी इस मोहल्ले में धड़ल्ले से दौड़ते रहते है। जिससे मोहल्लेवासियों का जीना मुहाल हो गया है। आरोपियों के सामने कोतवाली पुलिस भी नतमस्तक है। रामभाठा मैदान के अलावा ढांगरडीपा, बावलीकुआं, जैसे आसपास के क्षेत्र हैं जहां हर दिन खुलेआम शराब, गांजा की खुलेआम बिक्री हो रही है।

औराभांठा का मामला जांच में जुटी पुलिस

पड़ोसी के घर की छत पर मिला पूर्व उपसरपंच का शव, हत्या की आशंका

रायगढ़। कोतरा रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम औराभांठा निवासी पूर्व उपसरपंच की लाश पड़ोसी के घर की छत पर संदिग्ध अवस्था में बरामद की गई। सूचना मिलने पर पुलिस डॉग स्क्वाड व फोरेसिंक टीम के साथ मौके पर पहुंची, प्रथम दृष्टया हत्या का मामला मान कर पुलिस जांच में जुट गई है। हालांकि इस बारे में अब तक कोई खास सुराग पुलिस के हत्थे नहीं लगे हैं।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से 17 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम औराभाठा में गांव के पूर्व उपसरपंच चंद्रशेखर पटेल पिता महेश पटेल उम्र 45 वर्ष का शव उसके घर से करीब 50 मीटर दूर स्थित उसके पड़ोसी के घर की छत पड़ा हुआ देखा गया। छत पर शव पड़े होने की बात गांव में जंगल आग लगने की तरह फैल गई और कुछ ही मिनट में वहां

ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। इधर सूचना मिलने के बाद कोतरा रोड पुलिस डॉग स्क्वाड व फोरेसिंक टीम के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस मौके पर लोगों से पूछताछ करने के साथ ही कुछ अहम सुरागों को एकत्र करने में लग गई। मृतक रेत के सप्लाई का काम करता था। पुलिस को प्रथम दृष्टया हत्या का मामला मान कर ही जांच कर रही है। पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

पराली जलाने की रोकथाम को लेकर पैडी बेलर का प्रदर्शन

रायगढ़। निकरा परियोजना अतंर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ.बीएस राजपूत के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में निकरा ग्राम नवापारा विकास खण्ड खरसिया में धान के कटाई के बाद पैरा जलाने का प्रचलन हैए जिसके रोकथाम हेतु एक मुहिम चलाते हुए वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को समझाईश दी गयी कि अगर पैरा का उचित प्रबंधन किया जाये तो इसके जलाने से होने वाले दुष्प्रभाव एवं हानि को कम किया जा सकता है एवं उचित प्रबंधन से इसको बहुउपयोगी संसाधन के रूप में उपयोग किया जा सकता है। केन्द्र निकरा परियोजन के सहअनुवेषक एवं मृदा वैज्ञानिक डॉ. केडी महंत ने किसानों को कहा पैरा जलाने से

कार्बन तत्व की काफी मात्रा जलकर नष्ट हो जाता है साथ ही पैरा जलाने से लगभग 150 मिलीयन टन कार्बन डाई ऑक्साइड पर्यावरण में मुक्त होता है। 9 मिलीयन टन कार्बन मोनोऑक्साइडए 0.25 मिलीयन टन सल्फर डाई ऑक्साइड 1.28 मिलीयन टन पार्टीकल पदार्थ एवं 0.07 मिलीयन टन काला कार्बन रिलीज होता है जो पर्यावरण प्रत्यक्ष रूप से प्रदूषित करता है।

2014 से 16 तक के धान की बिक्री का मिलेगा बोनस

25 को जिले के 33 हजार किसानों के खाते में पहुंचेगा बकाया बोनस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

राज्य शासन द्वारा प्रदेश के कृषकों से निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान पर 300 रूपये प्रति क्विंटल की दर से पूर्व के वर्षों का बकाया धान का उत्पादन प्रोत्साहन राशि का भुगतान करने का निर्णय लिया गया है।

धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि का खरीफ वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 में छग राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या मार्कफेड द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर समितियों के माध्यम से तथा छग राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमि द्वारा बीज उत्पादन कार्यक्रम के तहत उपार्जित धान पर 300 रूपए प्रति क्विटल की दर से भुगतान करने का निर्णय लिया गया है। खरीफ वर्ष 2014-15 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान पर राशि 1912.9766 करोड़ तथा खरीफ वर्ष 2015-16 में राशि 1803.4131 करोड़ इस प्रकार कुल राशि 3716.3896 करोड़ धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि का वितरण पात्र हितग्राही कृषकों को 25 दिसम्बर 2023 को राष्ट्रीय सुशासन दिवस पर किया जाएगा।

राष्ट्रीय सुशासन दिवस दिनांक 25 दिसम्बर 2023 को वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 के धान बोनस का वितरण मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जिले के सभी पात्र किसानों को ऑनलाईन भुगतान किया जा रहा है। रायगढ़ जिले में वर्ष 2014-15 में कुल 31514 कृषकों को राशि 63.47 करोड़ एवं वर्ष 2015-16 में कुल 33698 कृषकों को राशि 72.64 करोड रूपये का बोनस भुगतान किया जाना है। इस परिपेक्ष्य में उक्त दिवस पर सभी 07 विकासखण्ड मुख्यालय एवं सभी सहकारी समितियों के समिति मुख्यालय में बोनस वितरण समारोह का आयोजन कर प्रमाण पत्र वितरण का कार्य कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर आयोजित किए जाएंगे। जिला रायगढ़ के सभी किसानों को उनके बैंक खातों में राशि का अंतरण मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा ऑनलाईन किया जाएगा। उक्त दिवस को अवकाश होने के बाद भी अपेक्स बैंक की सभी सहकारी बैंक शाखाएँ खुले रखने का आदेश जारी किया गया है, उक्त दिवस पर कृषक बंधुओं राशि आहरण कर सकते हैं।

विकासखण्ड के इतने कृषकों को मिलेगी बोनस राशि

उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं रायगढ़ चन्द्रशेखर जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2014.15 में जिले के 31 हजार 514 कृषकों को 63 करोड़ 46 लाख 66 हजार 470 रुपये एवं वर्ष 2015-16 में जिले के 33 हजार 698 कृषकों को 72 करोड़ 64 लाख 13 हजार 565 रुपये का बोनस राशि दिया जाएगा। जिनमें विकासखण्ड रायगढ़ में वर्ष 2014-15 में 5979 किसानों को 11 करोड़ 53 लाख 34 हजार 460 रुपये एवं वर्ष 2015-16 में 6527 किसानों को 13 करोड़ 41 लाख 59 हजार 865 रूपये का धान बोनस राशि का वितरण किया जाएगा। इसी तरह विकासखण्ड घरघोड़ा में वर्ष 2014-15 में 1481 किसानों को 3 करोड़ 28 लाख 76 हजार 460 रुपये एवं वर्ष 2015-16 में 1670 किसानों को 4 करोड़ 20 लाख 86 हजार 280 रूपये का बोनस वितरण किया जाएगा। विकासखण्ड तमनार में वर्ष 2014.15 में 2684 किसानों को 5 करोड़ 74 लाख 78 हजार 200 रुपए एवं वर्ष 2015.16 में 2905 किसानों को 7 करोड़ 12 लाख 75 हजार 260 रूपए का बोनस वितरण किया जाएगा। विकासखण्ड पुसौर में वर्ष 2014.15 में 8148 किसानों को 16 करोड़ 3 लाख 14 हजार 540 रुपये एवं वर्ष 2015-16 में 8482 किसानों को 17 करोड़ 32 लाख 29 हजार रूपये का बोनस वितरण किया जाएगा। विकासखण्ड खरसिया में वर्ष 2014-15 में 7365 किसानों को 14 करोड़ 69 लाख 39 हजार 190 रुपये एवं वर्ष 2015-16 में 7953 किसानों को 16 करोड़ 10 लाख 5 हजार 260 रूपये का बोनस वितरण किया जाएगा। विकासखण्ड धरमजयगढ़ में वर्ष 2014-15 में 3572 किसानों को 7 करोड़ 69 लाख 81 हजार 980 रुपये एवं वर्ष 2015.16 में 3769 किसानों को 9 करोड़ 1 लाख 13 हजार 280 रूपये का बोनस राशि तथा विकासखण्ड लैलूंगा में वर्ष 2014-15 में 2285 किसानों को 4 करोड़ 47 लाख 41 हजार 640 रुपये एवं वर्ष 2015-16 में 2392 किसानों को 5 करोड़ 45 लाख 44 हजार 620 रूपये धान बोनस राशि का वितरण किया जाएगा।

खबर संक्षेप

आकस्मिक मृत्यु के 5 प्रकरणों में 20 लाख की राशि स्वीकृत

जांजगीर-चांपा। आपदा मृत्यु के 5 प्रकरणों में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी है। जिले की तहसील बलौदा के ग्राम खारी के दुर्गेश कुमार बिंझवार की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पत्नी श्रीमती सविता बिंझवार, तहसील जांजगीर के ग्राम गौद के गोकुल प्रसाद सूर्यवंशी की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके पत्नी श्रीमती त्रेवेनी सूर्यवंशी, ग्राम बिरगहनी के दिलीप पटवा की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनकी मां श्रीमती बुधिया बाई, तहसील नवागढ़ के ग्राम महंत निवासी श्रीमती लछनबाई की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनकी पुत्री श्रीमती अम्बे धीवर और तहसील मुख्यालय चांपा के ऋतुराज देवांगन की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पिता अनिल कुमार देवांगन को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार-चार लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

मिशन शक्ति : विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती के लिए आवेदन 24 तक

जांजगीर-चांपा। भारत सरकार ने महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण हेतु एक अम्ब्रेला योजना ''मिशन शक्ति'' की शुरुआत की है। मिशन शक्ति अंतर्गत मिशन शक्ति के दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य स्तरीय हब हेतु जिले में 8 स्वीकृत संविदा पदों जिला मिशन समन्वयक, जेन्डर विशेषज्ञ, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ, कार्यालय सहायक, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर पीएमएमव्हीवाय, मल्टी टास्क की पूर्ति हेतु आवेदन 24 जनवरी तक कार्यालयीन समय 5.30 बजे तक जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जांजगीर-चांपा में आवेदन आमंत्रित किया गया है।

घर घुसकर मारपीट करने वाले 5 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

जांजगीर-चांपा। एक राय होकर घर अंदर घुसकर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने वाले 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार 19 दिसंबर को दोपहर करीब 1-2 बजे के बीच मे प्रार्थिया अपने पति व इसकी लडकी के साथ घर पर थे, उसी समय आरोपी विपिन उर्फ सुशांत अपने साथी नंदकिशोर राम उर्फ मोहन, उपेन्द्र कुमार, गोलू कुमार एंव विक्रम साकिनान सोनपुर बिहार के साथ चार पहिया स्कार्पियो वाहन में हाथो मे राड व डंडा लेकर सभी एक राय होकर प्रार्थिया के घर मे घुसकर मारपीट करने लगे। प्रार्थिया के चिल्लाने पर आस पास के लोगो को आते देख सभी आरोपी भाग गए। आरोपी विपिन उर्फ सुशांत, नंदकिशोर राम, उपेन्द्र कुमार, गोलू कुमार एंव विक्रम निवासी सोनपुर बिहार जो घटना घटित कर फरार हो गया था, जिसे कोरबा क्षेत्र से पकड़ कर पूछताछ की गई। जुर्म स्वीकार कियें जाने से अपराध धारा सदर का सबुत पायें जाने से आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

प्राणघातक हमला करने वाले आरोपियों को सात वर्ष की सजा

सक्ती। पैसे नही देने पर ग्रामीण पर प्राणघातक हमला करने वाले दो आरोपियों को 7 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश ने साक्ष्यों के आधार पर फैसला सुनाया है। अभियोजन से मिली जानकारी के अनुसार 6 जून 2018 की शाम जय मुखर्जी चावल लेने ग्राम पेटफोरवा से ग्राम कराड़ी जा रहा था। रास्ते में वह गुढवानाला शिव मंदिर के पास साइकिल खड़ी कर दिशा मैदान के लिए वह मुक्तिधाम तरफ गया। वहीं पर भोजराम और राकेश कुमार पिकनिक मना रहे थे। भोजराम और राकेश ने जय मुखर्जी से पैसे की मांग की। जय मुखर्जी के द्वारा पैसा नहीं होना कहते हुए पैसा देने से मना कर दिया। इसी बात को लेकर गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी देकर भोजराम और राकेश डंडे से प्राण घातक वार कर दिया। जिससे जय मुखर्जी के हाथ, आंख, जबड़ा, कान के पास चोट लगी और वह मौके पर घायल होकर गिर गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। मामले की रिपोर्ट बाराद्वार थाने में दर्ज कराई गई।

5.76 व 8 रुपए 17 पैसे में कैसे हो मीनू का पालन

मध्यान्ह भोजन में महंगाई की मार परोस रहे दाल पानी व मूली भाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-पामगढ़

स्कूल जा पढ़े बर, जिनगी ल गढ़े बर के सूत्रवाक्य को सार्थक करने स्कूलो में पढ़ाई के साथ ही भोजन की भी व्यवस्था में भी चलाई जा रही मध्यान्ह भोजन योजना पर महंगाई की मार इस कदर पड़ रही है कि भोजन की थाली से मीनू गायब हो गया है। बच्चों को भात के साथ पानी वाला दाल और मूली भाजी परोसने की नौबत आ गई है। खास बात यह है कि शासन द्वारा प्रायमरी स्कूल के बच्चों के लिए 5 रुपए 76 पैसे तो मीडिल में 8 रुपए 17 पैसे की राशि निर्धारित की गई है। जो ऊंट के मुंह में जीरा के समान है।

जिले के सरकारी प्रायमरी व मीडिल स्कूल में मध्यान्ह भोजन योजना का इन दिनों बुरा हाल है। एक ओर जहां किराना सामानों की कीमतों में आग लगी हुई है तो दूसरी ओर बच्चों के भोजन के नाम पर शासन से मिलने वाली राशि का भुगतान भी समय पर नहीं हो पा रहा है। यही वजह है कि अधिकांश शासकीय प्रायमरी व मीडिल स्कूल में मध्यान्ह भोजन योजना नाम मात्र की रह गई है। कहने को तो स्कूल में बच्चों को सप्ताह में सोमवार से शनिवार तक निर्धारित मीनू के अनुसार दाल, चावल, हरी सब्जी, आचार, सलाद, पापड़ और उपलब्धता के अनुसार गुड़, चना, मौसमी फल परोसे जाने का नियम है, लेकिन इसके लिए जो राशि मिल रही है, वह अत्यंत कम है। शासन द्वारा प्रायमरी स्कूल में प्रति छात्र 100 ग्राम चावल और 5 रुपए 76 पैसे दिए जाते है। वहीं पूर्व माध्यमिक शाला में प्रति छात्र 150 ग्राम चावल और 8 रुपए 17 पैसे मिलता है। इसी से बच्चों के लिए भोजन की पूरी व्यवस्था करनी होती है। जिसमें चूल्हा, चौका से लेकर राशन सामग्री सभी का खर्च शामिल होता है। इस तरह की स्थिति में बच्चों की थाली से मीनू गायब हो गया है। बच्चों को भात के साथ पानी वाला दाल और उसी में मूली भाजी सहित अन्य सब्जियां परोस दी जाती है। अधिकांश जगहों पर आचार, पापड़, सलाद, मौसमी फल मिलना बंद हो गया है।

मध्यान्ह भोजन में चावल के साथ बच्चों को परोसी गई मूली भाजी

देते है निर्देश

मीनू के अनुसार मध्यान्ह भोजन परोसने के निर्देश दिए जाते है। रही बात महंगाई की तो शासन के प्रावधान अनुसार राशि दी जाती है। इसी में समूहों को व्यवस्था बनानी है।

-मोहन लाल कौशिक
विकासखंड शिक्षा अधिकारी पामगढ़

बिलाईगढ़ ब्लॉक के गांवों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

सारंगढ़। जिले के तीनों विकासखंड में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सारंगढ़ ब्लाक के ग्राम सिलयारी और कपिस्दा अ बरमकेला के ग्राम कंडोला और सुखापाली में किया गया। सारंगढ़ ब्लॉक में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक केराबाई मनहर थीं। बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम बांसउरकुली में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि एवं जनप्रतिनिधियों में सुभाष जालान, द्वारिका साहू, धनेश साहू, भरत लाल साहू, गिरवर निराला, सतीश रात्रे, देवानंद मार्कण्डेय, हेतराम साहू, रथ बाई देवांगन, सुकदेव साहू, गणेशी राकेश, जय सिंह नाग, नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान, सीईओ योगेश्वरी बर्मन आदि उपस्थित थे। जिले के पांचों गांव में आयोजित कार्यक्रम में भारी भीड़ थी, जिनकों विभागीय चेकअप, सहायता, सुझाव, आवेदन, बीमा, रजिस्ट्रेशन आदि सुविधाएं प्रदान की गई।इस विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में स्कूली बच्चों और महिला सदस्यों द्वारा धरती कहें पुकार के और स्वच्छता गीत पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और ऑन स्पॉट सेवाएं जिसमें स्वास्थ्य शिविर, टीबी परीक्षण, जनजातीय क्षेत्रों में सिकलसेल एनीमिया परीक्षण, पीएम उज्ज्वला नवीन पंजीयन, किसान क्रेडिट कार्ड पंजीयन, आधार अपडेशन किया गया।

गणित के विद्यार्थियों का भविष्य उज्जवल : डा.रक्षित

कार्यक्रम को संबोधित करते प्राचार्य डॉक्टर विजय रक्षित। उपस्थित छात्र-छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शहर के शासकीय राम भजन राय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय के स्वर्ण जयंती सेमिनार हॉल में शुक्रवार को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विजय रक्षित ने मां सरस्वती व गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करन किया।

इस अवसर पर गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ केके प्रसाद ने कहा कि सभी जीव जंतु गणित जानते हैं किंतु शब्दों में बयान नहीं कर पाते हैं। उन्होंने गणित के विभिन्न पहलुओं के बारे में छात्र - छात्राओं को बताते हुए गणित के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

द्वितीय सोपान में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विजय रक्षित ने बताया कि सत्र 1984 से महाविद्यालय में गणित विषय का संचालन हो रहा है। महाविद्यालय ने इस विभाग के पूर्व प्राध्यापक एवं छात्र छात्राओं का उल्लेख करते हुए कहा,आज भी लोग शोध के संबंध में उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। हमें उन्हें आदर्श मानकर कार्य करने की आवश्यकता है। गणित विभाग के अजय राजवाड़े अतिथि शिक्षक और किरण राजवाड़े राष्ट्रीय गणित दिवस मनाने को प्रोत्साहित किए।

कार्यक्रम का संचालन में हेमराज और सत्यपाल ने किया और विभाग के रितु, वर्षा, गोविंदा, सुरेश, भीम नारायण, पूजा तिर्की रोशनी एवम सभी छात्र छात्राएं उपस्थिति रहें।

स्व निधि योजना अंतर्गत पथ विक्रेताओं को मिलेगा लोन

रायगढ़। प्रधानमंत्री स्व निधि योजना अंतर्गत शहरी पथ विक्रेताओं को कम ब्याज दर पर बैंको के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने योजना के बेहतर क्रियान्वयन और ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियों को लाभ दिलाने डे एनयूएलएम विभाग को निर्देश दिए हैं। गुरुवार को कमिश्नर चंद्रवंशी ने डे एनयूएलएम विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं में अधिक से अधिक हितग्राहियों को जोड़ने मिशन प्रबंधकों को निर्देशित किया गया। इस दौरान स्व निधि योजना की भी समीक्षा की गई। मिशन प्रबंधक श्री केदार पटेल ने बताया कि स्व निधि योजना अंतर्गत पथ विक्रेताओं को उनके व्यवसाय के लिए बैंकों के माध्यम से लोन उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें प्रथम ऋण 10,000 द्वितीय ऋण 20000 रु एवं तृतीय ऋण 50000 तक का प्रदान किया जा रहा है। डे एनयूएल अंतर्गत व्यवसाय किए जाने हेतु अधिकतम 2.00 लाख रुपए तक ऋण 7 प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध होगा।

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी बिहार से गिरफ्तार, जेल दाखिल

रायगढ़। पूंजीपथरा थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने बिहार के भागलपुर से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान पुलिस के लिए एक चुनौती थी, किंतु पुलिस ने आरोपी की पहचान करते हुए उसे धरदबोचा।

ज्ञात हो कि बीते 05 दिसंबर को थाना पूंजीपथरा क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली महिला ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ किसी अज्ञात युवक द्वारा दुष्कर्म करने की शिकायत दर्ज कराई थी। महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 03 दिसंबर की शाम लड़की पैसे लेकर पास के दुकान सामान खरीदने गई थी। थोड़ी देर बाद पड़ोस की महिला ने आकर उसे बताया कि उसकी लड़की को जंगल के पास एक लड़का छोड़कर भाग रहा था। जब नाबालिग से उसकी लत देखकर पूछा गया तो उसने बताया कि एक अंजान लड़के द्वारा दुकान में सामान खरीद देने की बात कहकर जंगल ले गया और वहां उसके साथ अनाचार किया। महिला की रिपोर्ट पर थाना पूंजीपथरा में अज्ञात आरोपी पर दुष्कर्म समेत पोक्सो एक्ट की धाराओं के तहत अपराध कायम कर मामले की जांच शुरू की गई।

ऐसे हुई आरोपी की पहचान

इस मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्णकांत सिंह के नेतृत्व में टीम बनाकर अज्ञात आरोपी की पतासाजी शुरू की गई। जिसके बाद आरोपी के बारे में लोगों से जानकारी एकत्र की गई। युवक की तलाश के लिए घटना दिनांक व समय को ध्यान मे रखते हुए क्षेत्र में आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिसमें कुछ खास जानकारी नहीं मिल सकी। इसी बीच एक गवाह द्वारा आरोपी की कदकाठी वाले युवक इंदल कुमार को घटना के वक्त शाम को घटनास्थल की ओर देखे जाने की जानकारी मिली। पुलिस टीम इंदल कुमार का पतासाजी करते हुए चन्द्रहासिनी फैक्टरी पहुंची, जहां इंदल काम करता था। फैक्टरी में घटना के बाद से इंदल के काम पर नहीं आने की जानकारी मिली। इंदल से संपर्क में आने वाले व्यक्तियों से पूछताछ कर पतासाजी तेज की गई। इसी बीच टीम को जानकारी मिली कि वह अपने गांव बिहार चला गया है। जिसके बाद पुलिस टीम बिहार रवाना हुई, जहां टीम आरोपी के गांव कदवा, जिला भागलपुर पहुंची। इंदल रायगढ़ से गांव आया और कहीं चला भी गया था। पुलिस की टीम द्वारा स्थानीय पुलिस की सहायता से इंदल के भाई को थाना कदवा पूछताछ के लिए लाया गया। जिसके बाद आरोपी इंदल के रिस्तेदारों के घर छापेमारी कर उसे हिरासत में लेकर पूंजीपथरा थाना लाया गया।

प्रबंधन पर कार्रवाई की मांग को लेकर थाने में शिकायत, पुतला भी जलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

दो दिन पूर्व शहर की सीमा मे संचालित जेएसपी उद्योग मे वेतनवृद्धि समेत 5 सूत्रीय मांगों को लेकर कंपनी परिसर मे प्रदर्शन कर रहे ठेका मजदूरों की बर्बर पिटाई के मामले मे भले ही प्रशासन और पुलिस ने औपचारिक कार्रवाई करते हुए चार सुरक्षा गार्डों को गिरफ्तार कर लिया है लेकिन अब यह मामला सियासी तूल पकडता दिख रहा है। दर असल गुरुवार को इस संदर्भ मे युवा कांग्रेस ने सिटी कोतवाली थाने मे आवेदन देकर कंपनी प्रबंधन पर कार्यवाही की मांग उठाई तो भाजपा के एक गुट ने ढिमरापुर चौक पर उद्योगपति का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया।

जिंदल में मजदूरों पर हुए बेरहमी से लाठीचार्ज के खिलाफ युवक कांग्रेस एन एस यू आई ने जिंदल कार्यकारी निदेशक के खिलाफ एफ आई आर कर कार्यवाही करने जिला पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा है। नेताओं का आरोप है कि जिंदल के ठेका मजदूरों के द्वारा अपने हितों को लेकर प्लांट के अंदर धरना प्रदर्शन किया जा रहा था।

ऐसे में जिंदल के गार्ड जो एक प्रकार से जिंदल के पेशेवर गुंडे होते है बर्बरता से मजदूरों के ऊपर लाठीचार्ज किया गया। जिससे मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए है। घटना के बाद वीडियो सोशल मीडिया मे दिन भर वायरल होता रहा जिसे देख लोगो मे भारी आक्रोश देखने को मिला।

प्रधानमंत्री जनमन योजना से विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को किया जाएगा लाभान्वित

जशपुरनगर । प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत प्रशासनिक अमला जिले के बगीचा, कुनकुरी और मनोरा क्षेत्र के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा,बिरहोर के पंचायत,बसाहट, टोला पारा एवं घर द्वार तक पहुंच कर बड़ी सरलता एवं आत्मीयता से पोषण चौपाल लगाकर विभिन्न प्रकार के समस्याओं एवं आवश्यकताओं से अवगत हुए। इस दौरान अधिकारियों ने कड़कड़ाते ठंड को देखते हुए स्वेटर, कंबल सहित खाद्यान्न सामग्री का वितरण किया। कुपोषण से मुक्ति दिलाने के लिए अधिकारियों ने पोषण चौपाल लगाकर पौष्टिक आहार के संबंध में जानकारी देकर जागरुक किया। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल एवं जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा के निर्देशन में पीएम जनमन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विशेष शिविर का आयोजन बगीचा, मनोरा और कुनकुरी विकासखंड के विशेष जनजाति पहाड़ी कोरवा, बिरहोर क्षेत्र के 94 ग्राम पंचायत के अंतर्गत आश्रित ग्रामों में शिविर एवं बसाहट, टोलापारा, मोहल्ला में सर्वे किया गया। कलेक्टर ने सर्वे क्रियान्वयन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने पी.एम.जनमन योजना के अंतर्गत जिले में विशेष रूप से विशेष पिछड़ी जनजाति समूह की सामाजिक आर्थिक उन्नति के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को बेहतर क्रियान्वयन के लिए शिविर लगाकर समस्याओं से अवगत होने निर्देश दिए हैं।

- पोषण सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देकर किया जागरूक

पत्थलगांव सचिव संघ के ब्लाक अध्यक्ष बने टिपेन्द्र यादव

पत्थलगांव। ब्लाक सचिव संघ के टिपेन्द्र यादव बने अध्यक्ष गुरुवार को जनपद कार्यालय में हुए बैठक में सचिव संघ के अध्यक्ष रूप में सहमति बनी तद पश्चात टिपेन्द्र यादव को सर्व सम्मति से ब्लाक सचिव संघ के अध्यक्ष बनाया दीया गया इससे पूर्व में भी टिपेन्द्र यादव संघ के अध्यक्ष के रूप में कार्य कर चुके है। टिपेन्द्र यादव ने अध्यक्ष बनने के बाद कहा कि हम सभी सचिव के हितों का ध्यान रख कर सभी कार्य करेंगे सभी सीनियर सचिव और अन्य सचिवों के साथ मिल बैठ कर निर्णय लेकर सचिव संघ की भलाई के कार्य किये जाएंगे।

रायकेरा माध्यमिक शाला में मिलन दिवस समारोह का आयोजन

जशपुरनगर। शासकीय संत रामेश्वर गहिरा गुरुजी महाविद्यालय बगीचा के गोद ग्राम में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला रायकेरा में महाविद्यालय द्वारा संचालित सामाजिक सेवा समिति मुस्कान एक नई सोच द्वारा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय समिति द्वारा 80 बच्चों को जूते एवं स्वेटर देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय कांसाबेल के प्राचार्य एवं मुस्कान एक नई सोच के संरक्षक एमजी खाखा थे।

मुस्कान महाविद्यालय द्वारा संचालित एक सोशल वर्क संस्थान है,जिसकी स्थापना का उद्देश्य महाविद्यालय के आसपास के गांव के गरीब बच्चों को समाज के मुख्य धारा के साथ जोड़ने हेतु उन्हें शिक्षा में बढ़ावा देना तथा उनके सामने आने वाली चुनौतियों में विभिन्न प्रकार से उन्हें सहयोग प्रदान करना है। जिससे ग्रामीण बच्चों में आत्मविश्वास बना रहे और सजग रहकर समाज के अन्य गतिविधियों में सम्मिलित होकर देश के विकास में अपना योगदान दे सकें। मुस्कान में अब तक 250 से ज्यादा सदस्य जुड़ चुके हैं मुस्कान के सदस्यों की सबसे खास बात है कि वे दिल के बड़े ही धनी है। इस संस्था से जुड़े सभी सदस्य अपनी क्षमता के अनुसार गरीबों की एक मुस्कुराहट के लिए अपनी खुशी का त्याग करते हैं। मुस्कान एक नई सोच के संरक्षक एमजी खाखा एवं बगीचा महाविद्यालय के प्राचार्य शरद कुमार नेताम जी हैं। उपाध्यक्ष श्रीमती गीतांजलि शर्मा, सचिव संजय पांडे, संयुक्त सचिव संजीव कुशवाहा, कोषाध्यक्ष प्रवीण मिंज, सलाहकार अफजल इमाम, सुश्री गजाला रशीद, सुश्री पूनम मानिकपुरी, सुश्री पूजा सिंह, सुश्री शालिनी गुप्ता, मीडिया प्रभारी सुश्री आमना खातून, आशियाना परवीन हैं। कार्यक्रम स्थापना के बाद का पहला कार्यक्रम था , जिसका आयोजन बेहद सफल रहा । सभी स्थानीय लोगों ने कार्यक्रम की खूब सराहना की। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता की आरती एवं वंदन से हुई तत्पश्चात महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को भावपूर्ण बनाते हुए सुश्री पूनम मानिकपुरी द्वारा सुंदर भक्ति गीत की प्रस्तुति दी गई कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए महाविद्यालय की छात्राओं ने प्रेयर डांस की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की अगली कड़ी में माध्यमिक शाला रायकेरा की छात्रा रश्मी एवं ग्रुप द्वारा नागपुरी डांस की जोरदार प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन प्रीति रोज तिग्गा द्वारा किया गया इस मनमोहक प्रस्तुति के बाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदरणीय एमजी खाखा द्वारा आशीर्वचन दिया गया अपने उदबोधन में खाखा ने कार्यक्रम की खूब सराहना की तथा आगे ऐसे ही समाज के हित के लिए कार्य करते रहने के लिए मनोबल प्रदान किया।

संकल्प पत्थलगांव के विद्यार्थियों को सीईओ जिला पंचायत ने किया मोटिवेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

संकल्प शिक्षण संस्थान पत्थलगांव में जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा,एडीएम सुश्री आकांक्षा त्रिपाठी एवं यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ ने बच्चों को सफलता के लिए आवश्यक टिप दिए।

इस अवसर पर बच्चों ने सिविल सेवा एवं यूपीएससी से संबंधित प्रश्न किए जिनका श्री मिश्रा ने अपने जीवन के अनुभवों को शामिल करते हुए जवाब दिया। उन्होंने बच्चों को कम समय में कैसे अधिक पढ़ाई करें एवं किस तरह मानसिक संतुलन बनाए रखें और अपना श्रेष्ठ कार्य करते रहें। उनके द्वारा कैरियर निर्माण से संबंधित आवश्यक निर्देश एवं सुझाव दिए गए। पत्थलगांव एसडीएम सुश्री आकांक्षा त्रिपाठी ने बच्चों को एक अच्छा नागरिक कैसे बने एवं उच्च चरित्रवान रहने की सोच दी तथा बच्चों को अच्छे इंसान बनाने की बात कही। संकल्प जशपुर के प्राचार्य विनोद गुप्ता ने टॉप 10 में अपना स्थान कैसे बनाएं इस संबंध में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए अपने अनुभव शेयर कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बच्चों मोटिवेट करते अधिकारीगण।

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वप्निल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रहन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

22-Dec -RAIGARH-BHOOMI-pg-3_Layout 1 12/22/2023 9:13 PM Page 1

सनी देओल के सफर में सलमान करेंगे कैमियो

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान, सनी देओल की आने वाली फिल्म सफर में कैमियो करते नजर आ सकते हैं। बताया जा रहा है कि सनी देओल जनवरी में फिल्म सफर की शूटिंग करेंगे। सफर एक बेहद दिल छू लेने वाली फिल्म होने वाली है, जो सनी देओल और एक चाइल्ड आर्टिस्ट की अलग-अलग मुश्किलों से भरे सफर की कहानी होगी। सनी देओल चाहते थे कि सलमान फिल्म में कैमियो करें। इसके लिए उन्होंने खुद कॉल कर उनसे कैमियो की रिक्वेस्ट की थी। सलमान खान कॉल पर ही फिल्म के लिए राजी हो गए। सलमान खान जनवरी 2024 में फिल्म सफर की शूटिंग करेंगे।

लाइफ Style

कनिका

फिर आई हसीन दिलरुबा

तापसी पन्नू, विक्रांत मैसी और सनी कौशल स्टारर फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा की शूटिंग पूरी हो गई है। आनंद एल राय और भूषण कुमार द्वारा प्रस्तुत फिर आई हसीन दिलरुबा कनिका ढिल्लन द्वारा लिखी गई है और जयप्रद देसाई द्वारा निर्देशित है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिर आई हसीन दिलरुबा की शूटिंग पूरी हो गई है। यह फिल्म वर्ष 2021 में प्रदर्शित फिल्म हसीन दिलरुबा की सीक्वल है। कनिका ढिल्लों ने सोशल मीडिया पर फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा की रैप-अप पार्टी की कई तस्वीरें साझा की हैं। तस्वीरों में मुख्य कलाकार तापसी पन्नू, सनी कौशल और विक्रांत मैसी के साथ-साथ जिमी शेरगिल, आनंद एल राय, जयप्रद देसाई शामिल हैं। पोस्ट को साझा करते हुए, उन्होंने कलाकारों के साथ फिल्म के पूरा होने पर अपनी खुशी व्यक्त की। उन्होंने फिल्म निर्माता आनंद एल राय और टी-सीरीज़ के प्रबंध निदेशक भूषण कुमार को उनके सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। बता दें कि कनिका ढिल्लों और रणविजय सिंह की आगामी वेब सीरीज 'मॉम एट वर्कः फ्रॉम डायपर्स टू डेडलान' का फर्स्ट लुक पोस्टर बुधवार को जारी हो गया है। इसमें कनिका और रणविजय लीड रोल में नजर आएंगे। इस सीरीज में कनिका आधुनिक कामकाजी महिलाओं की चुनौनियों को पेश करेंगी। कामकाजी महिलाएं मातृत्व की जिम्मेंदारियों को निभाते हुए और पेशेवर जिंदगी में किस तरह तालमेल बनाती चलती हैं, यह पहलू फिल्म में देखने को मिलेगा और पोस्टर में भी इसकी झलक नजर आ रही है।

हॉलीवुड मसाला

'एक्सपैट्स' का ट्रेलर जारी

लॉस एंजिलस। प्राइम वीडियो ने हाल ही में 'एक्सपैट्स' का ट्रेलर जारी किया है। इसे लुलु वांग ने निर्देशित किया है। यह छह-भाग की सीरीज है। बता दें कि यह जेनिस वाई.के. ली के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे ज्यादा बिकने वाले उपन्यास द एक्सपेट्रिएट्स पर आधारित है। सीरीज का प्रीमियर 26 जनवरी, 2024 को दो एपिसोड के साथ होगा, जिसमें 23 फरवरी तक नए एपिसोड लॉन्च होंगे। ट्रेलर के रिलीज होते ही यह सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है।

'रिबेल मून' बनाने के लिए कहां से मिली प्रेरणा?

लॉस एंजिलस। 'रिबेल मून पार्ट 1: ए चाइल्ड ऑफ फायर' अपनी रिलीज के लिए तैयार है। जैक स्नाइडर की यह मूवी 15 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसके बाद यह आज 22 दिसंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। हाल ही में इसका ट्रेलर लॉन्च हुआ, जिसे दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला। वहीं, अब जैक स्नाइडर 'रिबेल मून' के पीछे अपनी प्रेरणा और इसे जीवन में लाने की प्रक्रिया के बारे में बात करते देखे गए हैं। 'रिबेल मून' एक साई -फाई फिल्म है। फिल्म की कहानी आकाशगंगा के किनारे रहने वाले लोगों के जीवन पर आधारित है। वहीं, इसका सीक्वल 'रिबेल मून पार्ट 2: द स्कारगिवर' 19 अप्रैल, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

विद्युत व नोरा की 'क्रैक' की शूटिंग पूरी...

मुंबई। विद्युत जामवाल और नोरा फतेही स्टारर फिल्म क्रैक की शूटिंग पूरी हो गई है। नोरा फतेही इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म क्रैक को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में वह अभिनेता विद्युत जामवाल के साथ नजर आयेंगी। फिल्म क्रैक की शूटिंग पूरी हो गई है। नोरा फतेही ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रैप-अप शूट की कई तस्वीरें शेयर की हैं। सेट पर नोरा बॉडीकॉन ड्रेस और डेनिम जैकेट में हाथ में क्लिप बोर्ड लेकर पोज दे रही हैं। एक तस्वीर में वह हाथों में गुलदस्ता लिए पोज रही हैं। फोटोज शेयर करते हुए नोरा फतेही ने कैप्शन में लिखा कि क्रैक की शूटिंग खत्म। पूरी टीम के साथ मेरा अनुभव बहुत ही खास रहा। मुझे एक लीड के रूप में लेने के लिए आदित्य दत्त, विद्युत जामवाल और पूरी टीम को शुक्रिया। मैंने सेट पर बहुत कुछ सीखा है।



अरबाज 24 को शूरा संग करेंगे शादी...

मुंबई। अरबाज खान इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में अभिनेता का उनकी प्रेमिका जॉर्जिया एंड्रियानी संग ब्रेकअप हुआ है। अब अरबाज को नया प्यार मिल गया है। चर्चा है कि अरबाज मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान को डेट कर रहे हैं और दोनों शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक वह 24 दिसंबर को शूरा के साथ शादी करने वाले हैं। दोनों अपने परिवार के सदस्यों की मौजूदगी और करीबी दोस्तों के बीच शादी करेंगे। अरबाज और शूरा की शादी मुंबई में होगी। शूरा पेशे से एक मेकअप आर्टिस्ट हैं। वह अभिनेत्री रवीना टंडन और उनकी बेटी राशा थडानी के लिए मेकअप आर्टिस्ट के रूम में काम कर चुकी हैं। अरबाज और शूरा की पहली मुलाकात अभिनेता की आने वाली फिल्म 'पटना शुक्ला' के सेट पर हुई थी।

टीवी मसाला

'गुम है किसी के प्यार में' शो में होगी पुनित की एंट्री..!

मुंबई। रियलिटी शो में अपने अभिनय से प्रसिद्धि पाने वाले पुनित पाठक अब स्टार प्लस के धारावाहिक गुम है किसी के प्यार में का हिस्सा बनने जा रहे हैं। शो के सेट पर पुनित को देखे जाने के बाद इस बारे में अटकलें तेज हो गईं। 'गुम है किसी के प्यार में' भाविका शर्मा, शक्ति अरोड़ा और सुमित सिंह मुख्य भूमिका में हैं। ऐसा माना जा रहा है कि पुनीत कुछ खास के लिए शो की लीड एक्ट्रेस भाविका शर्मा के साथ मिलकर काम करेंगे। हालांकि डांसर 'गुम है किसी के प्यार में' में नजर आएंगे या भाविका डांस प्लस प्रो में उनके साथ स्पेशल परफॉर्मेंस करने वाली हैं, ये अभी भी एक रहस्य है। डांस प्लस प्रो की बात करें तो ये डांस प्लस का सातवां सीजन है। ये शो रेमो डिसूजा और कप्तानों शक्ति मोहन, पुनित पाठक और राहुल शेट्टी के साथ शुरू होने के लिए पूरी तरह तैयार है। 'गुम है किसी के प्यार में' सीरियल में पहले नील भट्ट, आयशा सिंह और ऐश्वर्या शर्मा मुख्य भूमिका में थे। फिलहाल ये शो अब दूसरी पीढ़ी की कहानी दिखा रहा है जिसमें भाविका शर्मा, शक्ति अरोड़ा और सुमित सिंह मुख्य भूमिका में हैं।

नए स्टार्स के साथ जल्द आ रहा 'दीया और बाती हम' का दूसरा सीजन...

मुंबई। ऐसा कहा जा रहा है कि 'दीया और बाती हम' का दूसरा सीजन लॉन्च होने जा रहा है। टीवी शो 'जो आशिकाना' और 'नागिन' फेम खुशी दुबे इस शो के दूसरे सीजन में दीपिका सिंह की जगह ले सकती हैं। टीवी सीरियल 'दीया और बाती हम' पॉपुलर शो में से एक था। इस सीरियल में दीपिका सिंह और अनस रशीद लीड रोल में थे। रिपोर्ट के मुताबिक, शशि और सुमीत एक नए शो के लॉन्च की तैयारी कर रहे हैं जो एक आईएएस अधिकारी के इर्द-गिर्द घूमेगा। ऐसी अफवाह है कि नवनीत मलिक और आशीष दीक्षित दीया और बाती हम सीजन 2 में मुख्य भूमिका में खुशी के साथ शामिल होंगे।

उभरते सितारे : बाबिल, भुवन, ताहा शाह जैसे युवा अभिनेताओं ने ओटीटी में दर्शकों को कर दिया मंत्रमुग्ध

मुंबई। डिजिटल मनोरंजन की गतिशील दुनिया में, युवा कलाकार विभिन्न ओटीटी प्लेटफार्मों पर अपने असाधारण प्रदर्शन से धूम मचा रहे हैं। इस वर्ष प्रतिभा में वृद्धि देखी गई है, और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में ऐसे नाम भी शामिल हैं जो तेजी से प्रतिभा का पर्याय बनते जा रहे हैं।

बाबिल खान - द रेलवे मेन : नेटफ्लिक्स के ₹द रेलवे मेन₹ में अपनी भूमिका के लिए सुर्खियों में आए बाबिल खान एक आकर्षक शक्ति के रूप में उभरे हैं। उनके निरंतर और सूक्ष्म प्रदर्शन ने, एक मजबूत स्क्रीन उपस्थिति के साथ, प्रशंसा अर्जित की है। दर्शकों ने बाबिल खान को एक अद्भुत अभिनेता के रूप में तुरंत पहचान लिया है, जो एक उल्लेखनीय करियर की शुरुआत का प्रतीक है।

ताहा शाह बदुश्शा - ताजः डिवाइडेड बाई ब्लड : नसीरुद्दीन शाह के दूसरे बेटे के रूप में वेब श्रृंखला ₹ताजः डिवाइडेड बाई ब्लड₹ में कदम रखते हुए, ताहा शाह बदुश्शा ने मनमौजी और क्रूर राजकुमार मुराद का शानदार चित्रण किया, जो इस बहुचर्चित ऐतिहासिक श्रृंखला में एक असाधारण कलाकार थे। चरित्र की जटिलताओं को मूर्त

रूप देने और एक्शन दृश्य करने की उनकी क्षमता ने एक ऐसी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जिसने उन्हें अलग खड़ा किया, दर्शकों पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ा और एक ऐसे कलाकार के रूप में जो निकट भविष्य में दांव बढ़ाएगा।

भुवन अरोरा-फर्जी : फर्जी में शाहिद कपूर के साथ स्क्रीन साझा करते हुए, भुवन अरोड़ा ने अपनी समानांतर मुख्य भूमिका के साथ एक महत्वपूर्ण प्रभाव डाला। तेज-तर्रार जीवनशैली से परिभाषित दुनिया में, अरोड़ा का प्रदर्शन गूंज उठा, जिससे वह एक घरेलू नाम बन गए। ₹फर्जी₹ की सफलता ने भुवन अरोड़ा को सुर्खियों में ला दिया है, जिससे एक उभरते सितारे के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हो गई है।

सिद्धांत गुप्ता - जुबली : सिद्धांत गुप्ता ₹जुबली₹ में अपनी भूमिका में एक आकर्षक आकर्षण लाते हैं। शुगर-लेपित आवाज़, शानदार लुक और शुरुआती अभिनय करियर में शायद ही कभी देखे गए करिश्मा के साथ, गुप्ता श्रृंखला में एक चुंबकीय गुणवत्ता जोड़ते हैं। डांस स्टेप्स, प्यार के क्षणों और गुस्से के विस्फोटों से भरा उनका चित्रण न केवल ₹जुबली₹ की देखने योग्य क्षमता को बढ़ाता है बल्कि उनकी होनहार प्रतिभा को भी रेखांकित करता है।

जैसे-जैसे ये युवा कलाकार ओटीटी क्षेत्र में अपनी राह बनाते जा रहे हैं, उनका प्रदर्शन डिजिटल मनोरंजन के विकसित परिदृश्य के लिए एक प्रमाण के रूप में काम करता है। प्रतिभा, समर्पण और दर्शकों से जुड़ने की क्षमता के संयोजन के साथ, ये उभरते सितारे निस्संदेह ऑन-डिमांड स्ट्रीमिंग की दुनिया में अधिक ऊंचाइयों के लिए तैयार हैं। इन नामों पर नज़र रखें, क्योंकि ये मनोरंजन उद्योग के भविष्य को आकार देने वाले हैं।

पंकज की फिल्म 'मैं अटल हूं' का ट्रेलर रिलीज ...

मुंबई। जाने-माने एक्टर पंकज त्रिपाठी की फिल्म 'मैं अटल हूं' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में पंकज देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की भूमिका में नजर आएंगे। आज मुम्बई में पंकज त्रिपाठी, फिल्म के निर्देशक रवि जाधव, निर्माता विनोद भानुशाली और निर्माता संदीप सिंह की मौजूदगी में फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया। यह फिल्म 19 जनवरी, 2023 को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। ट्रेलर लॉन्च के दौरान पंकज ने कहा कि उनके लिए अटल बिहारी वाजपेयी के किरदार को निभाना आसान काम नहीं था फिर भी मैंने अटलजी के किरदार को अच्छे ढंग से निभाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

करण जौहर के शो में अजय देवगन ने पिता को लेकर किया चौंकाने वाला खुलासा

एक्शन डायरेक्टर बनने से पहले गैंगस्टर थे मेरे पिता वीरू देवगन

मुंबई। अजय देवगन बॉलीवुड के बेहद टैलेंटेड एक्टर्स में से एक हैं। अजय देवगन का हिंदी सिनेमा इंडस्ट्री में 30 साल से ज्यादा का करियर बेहद शानदार रहा है। उन्होंने इस दौरान 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया और कई ब्लॉकबस्टर फिल्में भी दीं। हाल ही में अजय देवगन करण जौहर के टॉक शो 'कॉफी विद करण 8' में पहुंचे थे। इस दौरान अजय ने अपने पिता की बॉलीवुड में शुरुआत पर बात की साथ ही उनसे जुड़े कई चौंकाने वाले खुलासे भी किए।

घर से भागकर मुंबई पहुंचे थे वीरू देवगन

अजय देवगन ने करण जौहर के शो में बताया कि जब वह 13 साल के थे तो उनके पिता वीरू देवगन पुराने पंजाब स्थित अपने घर से भाग गए थे। वह बिना रेल टिकट के बंबई आये और उन्हें जेल में डाल दिया गया था। उनके पास कोई काम नहीं था और इसलिए वे दो रोटी का जुगाड़ भी नहीं कर पा रहे थे। अजय ने बताया कि एक दिन किसी ने वीरू की मदद करते हुए उनसे कहा कि अगर वह उसकी कैब को रोजाना साफ करेंगे तो वे उसमें सो सकते हैं।

गैंगवारी के दौरान रवि खन्ना ने देखा लड़ते हुए

अजय ने कहा,"उनके पिता ने वहां से शुरुआत की और एक कारपेंटर बन गये। फिर वह सायन-कोलीवाड़ा इलाके के गैंगस्टरों में से एक बन गये। वे कारपेंटर भी थे और गैंगवार भी होती रहती थी। एक दिन एक बहुत सीनियर एक्शन डायरेक्टर रवि खन्ना वहां से गुजर रहे थे। बीच सड़क पर दो गैंग के गुंडों के बीच गैंगवार चल रहा था। श्री खन्ना ने कार रोकी और काफी देर तक लड़ाई देखते रहे। लड़ाई के बाद मेरे पिताजी को बुलाया और पूछा, 'आप क्या करते हैं?' और उन्होंने कहा, 'मैं एक कारपेंटर हूं तो उन्होंने एक बहुत अच्छी लाइन कही, 'तू लड़ता अच्छा है, कल आकर मुझसे मिलना' और उन्हें एक फाइटर बना दिया और वहीं से उन्होंने फिल्मी कॅरियर की शुरूआत की।

वीरू ने 200 से ज्यादा फिल्मों को किया डायरेक्ट

बता दें कि वीरू देवगन ने 200 से ज्यादा फिल्मों के एक्शन सीक्वेंस को कोरियोग्राफ किया था। इनमें रोटी कपड़ा और मकान, मिस्टर नटवरलाल, फूल और कांटे और राम तेरी गंगा मैली सहित कई फिल्में ब्लाकबस्टर रहीं।

अजय देवगन को सिंघम अगेन का इंतजार

अजय देवगन फिलहाल अपनी अगली फिल्म 'सिंघम अगेन' की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म का निर्देशन अभिनेता के कॉफी पार्टनर रोहित शेट्टी ने किया है । इसमें टाइगर श्रॉफ, करीना कपूर खान, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण और अक्षय कुमार भी होंगे।सिंघम फ्रेंचाइजी की शुरुआत 2011 में हुई थी, जिसमें अजय देवगन ने लीड रोल प्ले किया था।

खबर संक्षेप

नगर भाजपा ने जलाया कांग्रेस का पुतला

रायगढ। देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड के अपमान के विरोध में नगर भाजपा ने गुरुवार को काँग्रेस समेत इंडी एलाइंस का पुतला जलाकर नाराजगी व्यक्त की। बीजेपी व भाजयुमो समेत भाजपा की तमाम विंग के सामूहिक विरोध प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी भी की गई।

बढ़ी ठंड तो निकायों में जल उठे अलाव

सारंगढ़। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में बढ़ते ठंड को दृष्टिगत रखते हुए जिले के नगरीय निकायों में अलाव की व्यवस्था की गई है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश पांडेय ने सारंगढ़ नगरपालिका में, सीएमओ मनीष गायकवाड़ ने नगर पंचायत बिलाईगढ़ में, सीएमओ मधुलिका ने भटगांव में, सीएमओ माजिद खान ने सरिया में और सीएमओ अनिल सोनवानी ने बरमकेला के कई स्थानों में ठंड से लोगों को बचने के लिए आग जलाकर अलाव की व्यवस्था किया है।

आंबा केन्द्र में कार्यकर्ता व सहायिका की भर्ती

पुसौर। एकीकृत बाल विकास परियोजना पुसौर द्वारा अपने रिक्त हुए आंगनबाडी केन्द्र में कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की पुर्ति हेतु संबंधित क्षेत्र के योग्य रहवासियों से आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना जारी की है जिसकी अंतिम तिथि 9 जनवरी 2024 तक कार्यालयीन समय में संबंधित अभ्यर्थी पंजीकृत डाक अथवा सीधे जमा कर सकते हैं वहीं अन्य संबंधित जानकारी के लिए कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। जानकारी के मुताबिक छातामुरा 5, व लिटाईपाली 1 में कार्यकर्ता की नियुक्ति होनी है वहीं कांदागढ 2, रेंगालपाली 2 एकताल 3 कठानी 3 त्रिभोना 3, सोडेकेला 2 सूपा 3 सूपा 4, सरवानी 2 धरमपुर, औरदा 4 सहदेवपाली बासनपाली 3 नावापारा म 4 लिटाईपाली 2 रैबार 2 सुर्री 3 नावापाली 2 लारा 2 धानातराई बेलपाली नंदेली 1 तथा छातामुरा 1 में अलग अलग 24 सहायिका नियुक्ति की जानी है।

किसानों को 3716 करोड़ का होगा बोनस भुगतान

रायगढ़। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर छत्तीसगढ़ सरकार ने तेजी से अमल करना शुरू कर दिया है। राज्य के 18 लाख से अधिक परिवारों को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति तथा किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की 3100 रूपए में खरीदी के वादे पर अमल के बाद अब किसानों को दो साल का बकाया बोनस का भुगतान किए जाने की तैयारी जोरों से शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती राष्ट्रीय सुशासन दिवस के अवसर पर हम राज्य के किसानों को खरीफ विपणन वर्ष 2014-15 एवं वर्ष 2015-16 की बकाया धान की बोनस राशि 3716 करोड़ 38 लाख 96 हजार रूपए का भुगतान करेंगे।

निधन

मुरलीधर बहिदार

रायगढ। सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारी व मुरली संदेश अखबार के संपादक मुरलीधर बहिदार का 22 दिसंबर को आकस्मिक निधन हो गया। स्व. बहिदार की अंतिम यात्रा उनके पैलेस रोड स्थित निवास से शुक्रवार अपरान्ह 4 बजे निकाली गई तथा सर्किट हाउस रोड स्थित मुक्तिधाम में दिवंगत का अंतिम संस्कार किया गया। उनके आकस्मिक निधन से नगर की पत्रकार बिरादरी मे भी शोक व्याप्त रहा। मुरली बहिदार की अंतिम मे समस्त पत्रकार भी सम्मिलित हुए एवं दिवंगत के आत्मशांति की प्रार्थना की।

अनवरत 36 घंटे चला साफ्टवेयर एडिशन

ओपीजेयू में स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2023 सॉफ्टवेयर एडिशन का ग्रैंड फिनाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़। ओपी जिंदल विश्वविद्यालय रायगढ़ में स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2023 सॉफ्टवेयर एडिशन के छठे संस्करण के ग्रैंड फिनाले का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ़ इंजीनियरिंग के कम्प्यूटर साइंस एन्ड इंजीनियरिंग विभाग के नेतृत्व में 19-20 दिसंबर 2023 के दौरान आयोजित स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2023 सॉफ्टवेयर एडिशन अनवरत 36 घंटे चला एवं सभी प्रतियोगियों ने अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को दिखाने का प्रयत्न किया।

20 दिसंबर की शाम को आयोजित समापन समारोह के दौरान सभी विजेता पांच टीम्स को एक एक लाख रूपए का पारितोषिक चेक प्रदान किया गया। समापन समारोह के दौरान ओपी जिंदल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आरडी पाटीदार ने सभी प्रतियोगियों, मेंटर्स एवं निर्णायकों का स्वागत करते हुए दो दिनों के दौरान किए गए सभी के प्रयासों को सराहा एवं सभी के प्रति आभार प्रदर्शित किया। इस दौरान डॉ पाटीदार ने नवाचार एवं अनुसन्धान की महत्ता को बताते हुए स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2023 जैसी प्रतियोगिताओं की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा की समय की आवश्यकताओं को देखते हुए ही विश्वविद्यालय ने इनोवेशन सेंटर की स्थापना की थी जिससे की नवाचारों को प्रोत्साहित किया जा सके। डॉ पाटीदार ने प्रतियोगिता में शामिल हुई सभी टीम्स के प्रति आभार प्रदर्शित किया और साथ ही साथ विजेता टीम्स को बधाई और शुबकामनाएं दिया। संतोष कमाने नोडल सेंटर हेड मिनिस्ट्री ऑफ़ एजुकेशन, गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया ने हैकथॉन 2023 ग्रैंड फिनाले के सफल आयोजन के लिए ओपी जिंदल विश्वविद्यालय और पूरी आयोजन टीम को बधाई दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के हरिशंकर टेक्निकल आर्किटेक्ट टाटा कंसल्टंसी सर्विसेस लिमिटेड नागपुर ने सभी विजेताओं को बधाई दिया और सभी प्रतियोगियों को पूरे मनोयोग से केंद्रित होकर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए सराहना किया। उन्होंने कहा की इसी तरह से भविष्य में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते रहें और एक अच्छे भविष्य का निर्माण करें। प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतियोगियों और मेंटर्स ने अपना अपना फीडबैक भी दिया। सभी ने विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराई गई हर तरह की सुविधाओं की प्रशंसा भी किया। समारोह के दौरान प्रतियोगिता में विजेता टीम्स को पुरस्कार प्रदान किये और सभी मेंटर्स एवं निर्णायकों को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।

एक लाख के चेक के साथ प्रतियोगिता की विजेता महाराष्ट्र टीम।

प्रतियोगिता में विजेता टीम्स के नाम असेटसेंटीनल्स महाराष्ट्र बिट लॉड्र्स ट 1 महाराष्ट्र स्वास्थ्य सहायक उत्तर प्रदेश टीम फीनिक्स उत्तर प्रदेश सेन नो मोर तमिलनाडु हैं। डॉ. पाटीदार ने बताया की ओपी जिंदल विश्वविद्यालय की टीम कैफीन इंजीनियर्स ने भी विजेता होकर एक लाख रुपए का पुरस्कार जीता है। डॉ पाटीदार ने विजेता टीम एवं मेंटर्स को बधाई दिया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम समन्वयक डा. आर एन शुक्ल ने सभी के हर तरह के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

ऊर्जा संरक्षण के लिए नलवा को एनकान कंजरवेशन अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नलवा स्टील एण्ड पावर लिमिटेड को वर्ष 2022-23 में ऊर्जासंरक्षण केक्षेत्र में विशेष योगदान के लिए 4.8 स्टार रेटिंग से सम्मानित किया गया। 20दिसंबर 2013 को कोलकाता के ताज होटल में आयोजित कार्यक्रम में बंगाल सरकार के उर्जा मंत्री बाबुल सुप्रियों एवं चेयरमैन सिद्वार्थ नारायण कोल की उपस्थिति में नलवा स्टील एण्ड पावर लिमिटेड को एनकान एनर्जीकंजरवेशन अवार्ड से पुरस्कृत किया गया।

नलवा स्टील एण्ड पावर लिमिटेड द्वारा हमेशा से हीऊर्जा के बेहतर संरक्षणको सर्वोच्च प्राथमिकता देता रहा है। एनकान एनर्जीकंजरवेशन पुरस्कार मिलने पर नलवा स्टील एण्ड पावर लिमिटेड के डायरेक्टर एवं प्लाण्ट हेड एसएस राठी ने ऊर्जा के बेहतर संरक्षणएंव उपयोग एवं नेट शुन्य के लक्ष्य क कैसे हासिल करना है अपने सभी विभाग के विभागीय अधिकारियां को निर्देश दिए एवं नलवा टीम को बधाई दी एवं आगे बताया की उर्जासंरक्षण से हम आने वाली पीढी एक बेहतर कल दे सकते हैं। इस पुरूस्कार को प्राप्त करने के साथ ही संयंत्र में और अधिक जागरूकता लाते हुए और साथ ही उर्जा संरक्षण एवं उपयोग मापदंडों के लिए एलइडी मंत्र दिया। एल-लायल्टी निष्ठा, ई- एफीसियेंसी दक्षता, डी-डायवर्सीटी विविधता। 20 दिसंबर 2023 को कोलकाता के होटल ताज में आयोजित सम्मान समारोह में विभाग के अधिकारी विशाल वशिष्ठ के द्वारा नलवा स्टील एंड पावर लिमिटेड का प्रतिनिधित्व करते हुए योग्यता प्रामाण पत्र प्राप्त किया गया। गौरतलब है कि इससे पहले भी नलवा स्टील एण्ड पॉवर लिमिटेड को ऊर्जा संरक्षण तथा ऊर्जा नवकरण के क्षेत्र में अंतर्राज्यी तथा राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

अपर कलेक्टर ने की राजस्व निर्वाचन कार्यों की समीक्षा

रायगढ़। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 की तैयारी और राजस्व मामलों के त्वरित निराकरण हेतु अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

इस दौरान उन्होंने विधान सभा क्षेत्रवार लंबित फार्म.6, 7 एवं 8 के निराकरण की स्थिति, आयोग द्वारा निर्धारित विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की तैयारी, डीएसई एवं पीएसई के निराकरण की स्थिति की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। जिन मतदान केंद्रों में मतदान प्रतिशत अपेक्षा अनुरूप नहीं रहा है या विगत विधानसभा निर्वाचन 2018 की तुलना में मतदान प्रतिशत घटा है, ऐसे सभी मतदान केंद्रों के बूथ लेवल ऑफिसर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र हेतु डिप्टी कलेक्टर एवं संयुक्त कलेक्टर स्टार के अधिकारियों को विशेष आब्जर्वर नियुक्त किया गया है उन सभी अधिकारियों को चिन्हित मतदान केन्द्रों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु कार्य योजना तैयार कर काम करने और एक सप्ताह के भीतर कलेक्टर के समक्ष प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। राजस्व मामलों का निराकरण समय सीमा में नहीं करने और और इस संबंध में प्राप्त शिकायतें सही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी कर्मचारी के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। भू अभिलेख शाखा के कतिपय लापरवाह कर्मचारियों को अपने कार्य पर ध्यान देने के निर्देश दिए गए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर डीआर रात्रे डिप्टी कलेक्टर रमेश मोर, डिप्टी कलेक्टर शिव कुमार कंवर, निगम उपायुक्त सुतीक्षण यादव मौजूद रहे।

सांता क्लाज़ के संग नाचे नौनिहाल

रायगढ़। ओपी जिंदल विद्यालय तराईमाल में क्रिसमस उत्सव बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में विद्यालय के नौनिहालो द्वारा प्राचार्या को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। प्राचार्या ने अपने उदबोधन में क्रिसमस डे के बारे में बताते नव वर्ष के अग्रिम शुभकामनाएँ दी। कक्षा पहली एवं दूसरी के बच्चों द्वारा हिंदी तथा अंग्रजी में भाषण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का दूसरा चरण कक्षा नर्सरी, एल केजी एवं यू केजी बच्चों का रहा। कक्षा नर्सरी के बच्चों द्वारा सांता क्लाज़ के परिधान में क्रिसमस सागं पर बडे.ही खूबसूरत नृत्य की प्रस्तुति दी। इस क्रम में कक्षा एल केजी के बच्चों द्वारा भी मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति देकर खूब तालिया बटोरी। कक्षा पहली एवं दूसरी के बच्चों द्वारा भी सफेद एवं लाल परिधान में झिंगल बेल संगीत की धुन पर जम के थिरके।

चमकाने की नाम पर वृद्धा के जेवर लेकर दो ठग फरार, खोजबीन जारी

रायगढ़। कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित इतवारी बाजार के समीप रहने वाली 80 वर्षीय वृद्ध के साथ ठगी का मामला सामने आया है। जिसमें आरोपियों ने खुद को पीतांबरी कंपनी का प्रचारक बताकर सोना चांदी साफ करने के बहाने महिला का जेवर लेकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस शहर के भीतर आने और बाहर जाने वाले रास्तों पर पुलिस तैनात कर आरोपियों की पतासाजी में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार निशिकांत गुप्ता पिता कृष्ण कुमार गुप्ता निवासी इतवारी बाजार ने बताया कि सुबह करीब 12 बजे उसकी दादी नर्मदी देवी गुप्ता उम्र करीब 80 वर्ष घर के बाहर धूप लेने बैठी थी। इस दौरान 2 अज्ञात व्यक्ति ने वहां पैदल पहुंच कर सोना चांदी साफ करने की बात कहते हुए सोने की 2

चूड़ी, 2 अंगूठी निकलवाकर फरार हो गए। जिन्हें भागते देख वृद्धा ने शोर मचाया तब आस पड़ोस के लोग एकत्रित हो गए और आरोपियों की तलाश करने लगे। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज खंगालने में लग गई। पीड़िता वृद्धा ने बताया कि जब वह धूप ले रही थी तब दो व्यक्ति पीतांबरी कंपनी के कागज और सामान लेकर उसके पास पहुंचे। उन्होंने कहा कि वह उनके पहने हुए सोने चांदी के गहनों को नए की तरह चमका देंगे। यह कहकर वह वृद्धा को घर के भीतर ले गए। जहां उन्होंने वृद्धा के घर में रखा चांदी और पीतल का बर्तन साफ करके दिखाया। जब वृद्धा उनकी बातों में आ गई तब उन्होंने उसके हाथ में पहनी सोने की चूड़ी और उंगली में पहनी अंगूठी को उतरवा लिया। साफ करने के दौरान उन्होंने सोने की चूड़ी और अंगूठी को अपने पास रख लिया इसके बाद उन्होंने अपने पास रखा हुआ प्लास्टिक की चूड़ी से भरा पैकेट वृद्धा को थमाते हुए कहा कि वह उसे फ्रिज में रख दे। 1 घंटे बाद उसके गहने उसे चमचमाते हुई नजर आएंगे। ऐसा कहकर जैसे ही दोनों युवक घर से निकले, वृद्धा ने वह पैकेट खोलकर देखा तब उसकी आंखें फटी की फटी रह गई। पैकेट में प्लास्टिक की दो चूड़ियों के अलावा और कुछ नहीं था। जिसकी जानकारी उसने अपने घर के अन्य सदस्यों को दी। जिसके बाद मामला कोतवाली थाना जा पहुंचा।

देवसागर, पीपरभवना और नगरदा में भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

सारंगढ़। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत जनकल्याणकारी योजनाओं से जनसामान्य को लाभान्वित करने के लिए संकल्प यात्रा अंतर्गत मोबाईल वैन बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत देवसागर, नगरदा, एवं पीपरभवना पहुंची। कार्यक्रम के प्रारंभ में ग्राम पंचायत देवसागर में समूह की महिलाओं ने सुंदर रंगोली बनाकर ग्राम मोबाईल वैन का स्वागत किया एवं पूजा अर्चना की। इस अवसर पर सभी को विकसित भारत के लिए संकल्प और विकसित भारत के उद्देश्य की जानकारी वाहन में लगे एलईडी के माध्यम से दी गई। कार्यक्रम में सभी ग्रामीणों ने विकसित भारत के निर्माण के लिए शपथ ली। संकल्प रथ में लगे एलईडी प्रोजेक्शन स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारत की जनता के नाम दिए गए संदेश एवं आव्हान का प्रदर्शन किया गया। विभिन्न योजनाओं से लाभार्थियों के द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत अपने विचारों को व्यक्त किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम धरती कहे पुकार के के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छ भारत मिशन तथा खेतों में जैविक खाद के प्रयोग का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

पुसौर की चार पंचायतों में पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

पुसौर। देश के प्रत्येक परिवार व नागरिक तक पहुंचे केन्द्र सरकार की योजनाओं को लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन जारी है जो बीते गुरूवार से पुसौर क्षेत्र में प्रारंभ हुआ है।

डिप्टी कमिश्नर महेश पटेल के मुताबिक संकल्प यात्रा रथ व्यवस्था में समय लगा इसलिये पूर्व में जारी सूची अनुसार नहीं हो पाया और ठीक हाट बाजार के दिन इसकी शुरूआत ग्राम पंचायत चिखली से की गई है। पुसौर जनपद के एडीओ ब्रजबंधु पटेल के मुताबिक चिखली में हुए शिविर में रैबार पंचायत शामिल हुआ वहीं अपरान्ह ग्राम पंचायत तेतला में केनसरा शामिल हुआ। पुसौर सीईओ अभिषेक बनर्जी के मार्गदर्शन में दोनों स्थल में जनपद के करारोपण अधिकारी सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे, इसी क्रम में कृषि विभाग प्रमुख वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी

आरके पटेल एवं उनके आरईओ गण, पशुपालन विभाग से डा. सीएस पटेल, डा. सिदार, स्वास्थ्य विभाग प्रमुख बीएमओ डा. चंद्रवंशी सहित अन्य विभाग के लोग मौजुद रहे। दोनों शिविरों में क्रमशः पीएम मोदी के रिकार्डेड संदेश, मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत हितग्राहियों के सरकार के प्रति सकारात्मक मंतव्य, तथा लगे हुए विभागों के स्टालों में हितग्राहियों के अवेदन एकत्र किए गए। स्वास्थ्य विभाग 216 व सिकल सेल में 56 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। कार्यक्रम में शासन के योजनाओं में मृदा स्वास्थ्य परीक्षण, उज्जवला पंजीयन, सहित अन्य योजनाओं के तहत लोगों को लाभ पहुंचाने योजनाओं को बारीकी से अवगत कराया गया ताकि लोग इससे लाभान्वित हो सके। शिविर में आधार अपडेशन, आयुश्मान कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, किसान सम्मान निधि, आजीविका मिशन आदि योजनाओं के हितग्राहियों के विचार सरकार के प्रति प्रस्तुत हुए। रथ में चलचित्र के साथ आन स्पाट क्वीज प्रतियोगिता में 10 लोगों ने भाग लिया वहीं स्कूली छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी।

कस्टम मिलिंग के चावल परिवहन में संलग्न वाहन चालक से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कस्टम मिलिंग में लगी गाड़ी के ड्राइवर के साथ किरोड़ीमल नगर गोदाम में हुई मारपीट की घटना सामने आते ही मामले में कोतरा रोड पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध आईपीसी की धारा 294, 506 व 323 के तहत एफआईआर दर्ज कर लिया है।

मामले को लेकर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी को भी कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। कोई भी यदि लॉ एंड ऑर्डर व्यवस्था बिगाड़ता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इस विषय में जानकारी देते हुए खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह ने बताया कि वर्ष 2023-24 की कस्टम मिलिंग का कार्य प्रगति पर है। हर वर्ष की भांति खाद्य विभाग द्वारा मिलर्स की शुरूआत में ही बैठक कर धान उठाव एवं चावल जमा हेतु अधिक से अधिक वाहन की व्यवस्था करने को कहा गया था। जिसके लिए मिलर्स ने मासिक भाड़े में गाडिय़ां ली एवं कार्य को सुचारू रूप से किया जा रहा था। किन्तु विगत 3-4 दिनों से ट्रक मालिक संघ द्वारा मिलर्स पर उनकी ही गाडिय़ों में चावल परिवहन हेतु दबाव बनाया जा रहा था।

जिसके लिए खाद्य विभाग द्वारा आज एक समन्वय बैठक मिलर्स एवं ट्रक मालिक संघ के बीच आयोजित हुई। जिसमें विभाग द्वारा 31 दिसंबर तक चावल जमा में पचास प्रतिशत गाड़िया यूनियन की लगाया जाने और एफसीआई के चावल जमा प्रारंभ होने पर 100 से ऊपर गाड़िया ली जायेंगी पर सहमति बनी थी जिससे मिलर्स और ट्रक यूनियन के पदाधिकारी सहमत थे। लेकिन शाम को किरोड़ीमल नगर गोदाम में मिलर्स की गाडिय़ों के ड्रायवरों के साथ मारपीट की घटना सामने आई है।

सारंगढ़ में अंर्तविभागीय बैठक

सरकारी विभागों ने पढ़ा एकजुटता का पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला अन्तर्विभागीय बैठक ली। इस बैठक में नोडल विभाग स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, स्कूल शिक्षा शामिल थे।

कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारियों को कहा कि जिले के नागरिकों से जुडे बेसिक कार्य आधार, आयुष्मान, इलाज सहित अन्य योजनाओं से जुड़े लाभ को दिलाने के लिए सभी विभागों के अमला को एकजुट होकर पूरे लगन से निरंतर कार्य करना होगा।

बैठक में जिले के स्वास्थ्य विभाग से जुड़े आयुष्मान, आधार, कुष्ठ, बच्चों की जन्मजात बीमारी, नेत्र जांच, एनीमिया, सिकलिग आदि के संबंध में चर्चा की गई। डॉ. सिद्दीकी ने

अंर्तविभागीय बैठक में मौजूद शासकीय विभागों के अधिकारी।

आगामी 1 जनवरी से 15 फरवरी तक योजनाबद्ध तरीके से जिले में शिविर लगाकर कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. एफआर निराला बीएमओ डॉ. अवधेश पाणिग्राही, डॉ. पंकज, बीईओ रेशम लाल कोसले, एसएन साहू, नरेश चौहान, डीपीएम एनएल इजारदार, चंचल वारे, कृष्णा साहू आदि उपस्थित थे।

रामानुजन की जयंती शिशु मंदिरों में मनाई गई

रायगढ। सरस्वती शिशु मंदिर में गणित गणित दिवस मनाया गया। इसमें बच्चों ने गणित पत्र वाचन श्रीनिवासन रामानुजन का जीवनी चार्ट रंगोली प्रश्न मंच हुए। आमंत्रित अतिथियों ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि गणित हमें निश्चितता दृढ़ता आत्मविश्वास अनुशासन की प्रेरणा देता है। सत्य असत्य की शुद्धि अशुद्धि की जांच गणित के द्वारा ही होती है। गणित समय से लेकर जीवन की हर उपयोगी जरूरत के लिए अनिवार्य बना है। इस आशय का संदेश देने की जरूरत है। सभी ने ने बच्चों की प्रतिभा को सराहा। रुचि और ज्ञान बढ़ाने की दृष्टि से बच्चों ने गणित के मॉडल चित्रकला रंगोली गणितीय आकृतियों के व्यंजन निबंध लेखन मापन अनुमान श्रीनिवास रामानुजन पर भाषण आदि प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने चार्ट प्रश्न मंच खेल एवं रोचक पहेलियों में भी उत्साह के साथ भाग लिया। कुछ बच्चे त्रिभुजाकार पराठा गोला का लड्डू और घन और घनाभ आकार की बर्फी बनाकर भी लाए। कुल मिलाकर सशिसं की गाइडलाइन के अनुसार मनाया गया।